## विधायक श्याम बर्डे ने उप मुख्यमंत्री से की भेंट



**पानसेमल।** विधायक श्याम बर्डे ने भोपाल में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्री एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला से भेंट कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पानसेमल को सिविल अस्पताल में उन्नयन किए जाने की मांग प्रमुखता से रखते हुए अस्पताल में लंबे समय से रिक्त विशेषज्ञ डॉक्टरों एवं अन्य कर्मचारियों के पदों की शीघ्र पदपूर्ति को लेकर चर्चा की। साथ ही क्षेत्रवासियों की आवश्यकता से अवगत कराया। भेंट के दौरान पानसेमल क्षेत्र की बढ़ती जनसंख्या एवं सीएचसी में मौसमी बीमारियों सहित गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों के उपचार और आम नागरिकों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की गई। उप मुख्यमंत्री शुक्ला ने विषय को गंभीरता से सुना एवं इस संबंध में सकारात्मक आश्वासन दिया। विधायक द्वारा जनहित एवं क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य लाभ की दृष्टि से महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल है।

## पीएम उषा अंतर्गत प्रशिक्षण का आयोजन



**पानसेमल।** श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार पीएम उषा सॉफ्ट कम्पोनेंट -5 (जीआईइआई) के अंतर्गत अग्रणी महाविद्यालय बड़वानी तथा उद्यमिता विकास केंद्र मप्र (सेडमैप), भोपाल के सहयोग से 15 से 29 दिसम्बर तक छात्राओं को हैंडमेड आइटम्स (हैंडक्रॉफ्ट) के प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षिका संगीता शर्मा के मार्गदर्शन में छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके पूर्व पूर्णिमा नांदले द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण से अभी तक छात्राओं ने हैंडमेड आईटम तथा जूट से बने विभिन्न प्रकार के डेकोरेटिव आईटम्स को बनाना सिखा। आगे भी इसी तरह से और भी उपयोगी वस्तुएं जिन्हें घर के ही वेस्ट सामान से बनाया जा सके सीखेंगे। प्रशिक्षण में प्राचार्य प्रो संगीता भंडारी का भी मार्गदर्शन एवं सहयोग छात्राओं को मिल रहा है। प्राचार्य का मानना है कि इस तरह के प्रशिक्षणों के माध्यम से न केवल छात्राओं का कौशल विकसित होता है, बल्कि उन्हें भविष्य में भी कम लागत में स्वयं का रोजगार शुरू करने में आसानी होगी। छात्राएं स्वयं को आत्मनिर्भर सक्षम एवं सशक्त बना सकती हैं। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ निशा वास्कले एवं प्रो वंदना यादव का भी कहना है कि छात्राएं उक्त प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से भागीदारी कर रही है। निश्चित तौर पर प्रशिक्षण के बाद छात्राएं स्वयं के रोजगार के लिए खुद को आत्मविश्वास से परिपूर्ण बनाने में सक्षम हो पाएगी।

# सर्दी की दस्तक के साथ गजक व सेहतमंद लड्डुओं की मिठास

### दादी-नानी की रेसिपी से बने पौष्टिक लड्डू बने लोगों की पहली पसंद, घर-घर बढ़ा ऑर्डर का चलन



**बड़वानी, (नवभारत)।** शीत ऋतु की शुरुआत के साथ ही शहर में ठंड ने दस्तक दे दी है। साथ ही बाजारों में गजक, गुड़ पट्टी, तिल-गुड़ की मिठाइयों और ड्राय फ्रुट से बने लड्डुओं की मांग तेजी से बढ़ गई है। ठंड के मौसम में शरीर को गर्म रखने और ऊर्जा देने वाले ये पारंपरिक व्यंजन एक बार फिर लोगों की थाली में खास जगह बना रहे हैं। खास बात ये है कि अब लड्डुओं का चलन केवल दुकानों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि घरों में भी पसंद और सेहत के अनुसार ऑर्डर पर सेहतमंद लड्डू तैयार किए जा रहे हैं।

दादी-नानी की पारंपरिक रेसिपी से बनाए जाने वाले लड्डू स्वादिष्ट होने के साथ पौष्टिक भी होते हैं। शुद्ध देशी घी, तिल, गुड़, अलसी, रागी, मैथीदाना और विभिन्न बीजों से तैयार ये लड्डू ठंड के मौसम में शरीर को गर्म रखने, इम्यूनिटी बढ़ाने और भरपूर ऊर्जा देने में सहायक माने जाते हैं। इनमें मौजूद पोषक तत्व पूरे परिवार को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करते हैं।

### सेहत और स्वाद दोनों पर ध्यान

अब लोग मिठास के साथ सेहत को भी प्राथमिकता दे रहे हैं। अलसी और तिल के बीजों से बने लड्डू इम्यूनिटी बढ़ाने और ऊर्जा देने वाले माने जाते हैं। फिटनेस को लेकर जागरूक युवा और महिलाएं इन्हें खासतौर पर पसंद कर रही हैं। इसके अलावा गुड़-मूंगफली और मैथीदाना से बने लड्डू भी सर्दियों में लाभकारी माने जाते हैं। शहर की कई दुकानों और गृहिणियों द्वारा शुद्ध देशी घी से बने कस्टमाइज्ड लड्डू तैयार किए जा रहे हैं, जिनकी मांग लगातार बढ़ रही है।

### दुकानों पर भी बढ़ी रौनक

राजा स्वीट्स के संचालक महेश नामा के अनुसार ठंड के मौसम में ड्राय फ्रुट लड्डुओं की मांग सबसे अधिक रहती है। शुद्ध घी से बने घर जैसे स्वाद वाले लड्डू ग्राहकों की पहली पसंद हैं। साथ ही मूंग, उड़द, बेसन के लड्डू और तिल-गुड़ की चक्की भी खूब बिक रही है।

### घरों में बढ़ा परंपरागत स्वाद



कई वर्षों से सर्दियों में लड्डू बनाने वाली गृहिणी अर्पणा व्यास का कहना है कि अब लड्डुओं की परंपरा सिर्फ स्वाद तक सीमित नहीं रही है। घरों में परंपरा के साथ सेहत को जोड़ते हुए नए तरीके से लड्डू बनाए जा रहे हैं। इस बार भी ड्राय फ्रुट लड्डू के साथ मैथी और मूंग-उड़द के लड्डू कई घरों में खास पसंद बने हुए हैं। **अर्पणा पति ललित व्यास**



गृहिणी संतोष शर्मा बताती हैं कि शरद ऋतु में घर पर शुद्ध देशी घी से बने ड्राय फ्रुट लड्डू शरीर को गर्म रखने और ऊर्जा देने में सहायक होते हैं। **संतोष पति सुरेंद्र शर्मा**

### पौष्टिक लड्डुओं के दाम प्रति किलो

- ड्राय फ्रुट लड्डू - 1200 रुपए
- नारियल लड्डू - 600 रुपए
- अश्वगंधा लड्डू - 800 रुपए
- रागी लड्डू - 600 रुपए
- मेथी लड्डू - 700 रुपए
- मूंग लड्डू - 700 रुपए
- तिल-मूंगफली लड्डू - 500 रुपए
- अलसी लड्डू - 800 रुपए
- सिठौरा लड्डू - 1000 रुपए
- आटा लड्डू - 600 रुपए
- बेसन लड्डू - 500 रुपए

### सेहत को दे रहे प्राथमिकता

- लोग मिठास के साथ सेहत को भी दे रहे हैं प्राथमिकता। ड्रय फ्रुट लड्डुओं की मांग सबसे अधिक।

## प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में बीईओ को सौंपा पत्र

**पानसेमल, (नवभारत)।** आजाद अतिथि शिक्षक संघ द्वारा बीइओ विनोद पाटीदार को 3 महीने से रुके वेतन के लिए पत्र सौंपा है। आजाद अतिथि शिक्षक संघ प्रदेश उपाध्यक्ष साहेबराव पाटिल ने बताया कि अतिथि शिक्षकों को माह जुलाई व अक्टूबर, नवंबर माह का वेतन नहीं मिला है। अतिथि शिक्षकों द्वारा कई वर्षों से अल्प वेतन में कार्य किया जा रहा है। अक्सर त्यौहारों के समय भी वेतन नहीं मिलने से समस्या होती हैं। इस समस्या का समाधान किया जाना चाहिए।

बीईओ विनोद पाटीदार ने जानकारी दी कि वर्ग 3 के अतिथि शिक्षकों का वेतन बिल लगाना बाकी है। बजट अनुसार बिल लगाया जाएगा, जिसके बाद वेतन वितरण होगा। उन्होंने निश्चित रूप से समय नहीं बताया लेकिन शीघ्र वेतन मिलने के लिए आश्वस्त किया है। कार्यालय में लेखापाल जया भोंसले, सहायक ग्रेड 3 संदीप मंडलोई सहित पंडित पाडवी, गौतम राठौर, दिनेश भोसले, दत्तू सोलंकी, मनोज वाघ, विक्रम परदेसी एवं अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे।

## ग्राम वासवी के ग्रामीण बीजेपी में हुए शामिल

**नवभारत न्यूज़**
**पानसेमल, 20 दिसम्बर**

विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों में लगातार ग्रामीण बीजेपी से जुड़ रहे हैं। अभी तक खेतिया, पानसेमल, पलसूद और निवाली के विभिन्न ग्रामों से कार्यकर्ता कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए हैं। हाल ही में गोंगवाड़ा के ग्रामीणों ने विधायक कार्यालय पर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।

शुकवार को विधायक श्याम बर्डे के कार्यालय पर ग्राम वासवी के ग्रामीणों ने विधायक को जानकारी दी कि उनके फलिये में वर्षों से बिजली नहीं पहुंची है। साथ ही ग्राम में अन्य समस्याओं के समाधान को लेकर चर्चा की। विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया और यथा संभव समस्या के निराकरण एवं सहयोग की बात कही है। विधायक ने कहा आप किसी भी दल में रहो हमारी विचारधारा सबका साथ सबका विकास है। इसलिए सभी ग्रामों में विकास कार्य किए जाएंगे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष प्रफुल्ल पाटीदार, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी अजहर मंसूरी, जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश जोशी, मंडल अध्यक्ष चेनसिह गदरे, गोविंद जोशी, पार्षद प्रतिनिधि मुरली साटोंटे, ग्राम पंचायत वासवी सरपंच टीकाराम मोरे सहित अन्य उपस्थित रहे।



उल्लेखनीय है कि श्याम बर्डे के प्रयासों से भाजपा में कार्यकर्ताओं की संख्या बढ़ती जा रही है। साथ ही क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों की स्वीकृति कर निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। विधानसभा के कई फलियों में कांग्रेस पार्टी को छोड़कर ग्रामीणों ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की है।

विधायक ने कहा कि सभी के सुख-दुख में साथ रहुंगा। पूरी विधानसभा बीजेपी का परिवार है भ्रमण के दौरान अलग-अलग स्थानों पर स्थानीय समस्याओं को चिन्हित कर यथासंभव निराकरण करने का प्रयास रहता है। वासवी के करीब 50 ग्रामीण बीजेपी में शामिल हुए हैं।

### यह रहे मौजूद

इस दौरान उपसरपंच नानूराम जामसिंह, गोपी मुवासया, राजू दशरथ, देवा साध्या, टीकाराम सिंगा, राधेश्याम राजाराम, निलेश सोलंकी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### एक नजर में

## जनता कांग्रेस का सदस्यता अभियान जारी



**महू.** जनता कांग्रेस पार्टी का महू विधानसभा सदस्यता अभियान नगर अध्यक्ष शुभम डागर के नेतृत्व में विगत दो सप्ताह से जारी है. डागर ने बताया कि जनता कांग्रेस में तीसरे मोर्चे की विचारधारा पर विश्वास रखने वाले सक्रिय सामाजिक लोगों को ही सदस्यता देना लक्ष्य है. इस अभियान में लोग बड़े उत्साह से हिस्सा लेकर सदस्य बन रहे हैं. यह सदस्यता अभियान मकर संक्रांति तक चलेगा.

## चन्द्रावत फुटबॉल क्लब ने महू फुटबॉल क्लब को हराया



**महू.** इन्दौर जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में महाराणा प्रताप मेमोरियल डिस्ट्रिक चैंपियनशिप में चौथे दिन चन्द्रावत फुटबॉल क्लब महू और महू फुटबॉल क्लब महू के बीच रोमांचक मैच खेला गया. दोनों ही टीमों के युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया. इसमें चन्द्रावत फुटबॉल क्लब ने 3-1 से मैच जीतकर प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया. मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार चंद्रावत फुटबॉल के आहत को मिला. अतिथि के रूप में भेरूलाल पाटीदार मंडल के वरिष्ठ बीजेपी नेता विष्णु शुक्ल, शहदेव पुजारी और स्पर्धा अध्यक्ष मुकेश शर्मा थे. अतिथियों का स्वागत महाराणा प्रताप मेमोरियल डिस्ट्रिक चैंपियनशिप कमेटी के सचिव शैलेंद्र सिंह दरबार, इंदौर जिला फुटबॉल सचिव लोकेंद्र वर्मा, मोहम्मद इस्लामुद्दीन, शशि यादव, मनीष जैन, हाफिज भाई, धीरज चौहान, हेमंत वर्मा, रोशन वर्मा, विक्कु प्रजापति वर्मा आदि ने किया. स्पर्धा में निर्णायक की भूमिका में अजय यादव, कमल, प्रद्युम्न वर्मा, निर्मल सिलावट, सुमित वर्मा, रमेश गाइड, अमजद भाई, बाबा पीले, दीपक पुलपगरे और गोविंद उपस्थित थे. संचालन सुंदरदास हेमनानी ने किया.

## आत्मा में ही परमात्मा का वास : साध्वी





**महू.** हरिओम वाटिका महू में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिवस रुक्मणी विवाह प्रसंग के दौरान विवाह महोत्सव की भव्य एवं मनोहारी प्रस्तुति दी गई. इस अवसर पर श्री रुक्मणी विवाह महोत्सव की सजीव झांकी प्रस्तुत की गई, जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. महोत्सव के दौरान महिलाओं ने बढ़-चढ़कर कन्यादान किया. लाल वस्त्रों में सजी मातृशक्ति की उपस्थिति से पूरा कथा स्थल लालमय हो गया और संपूर्ण वातावरण भक्तिरस से ओत-प्रोत हो गया. व्यासपीठ से साध्वी कृष्णानंद जी महाराज ने श्रद्धालुओं को आत्मबोध एवं संयम का संदेश देते हुए साध्वी कृष्णानंद ने कहा कि मनुष्य को सबसे पहले अपने आप को पहचानना चाहिए, क्योंकि आत्मा में ही परमात्मा का वास है, जो सामर्थ्य अन्य किसी योनि में नहीं है, वह केवल मनुष्य योनि में प्राप्त होता है, किंतु माया के जाल में फंसकर मनुष्य अपने वास्तविक स्वरूप को भूल जाता है. उन्होंने कहा कि जब सभी इच्छाएं समाप्त हो जाती हैं, वही वैकुंठ है. कथा के प्रारंभ में व्यासपीठ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं आरती नितिन अग्रवाल, पूर्व न्यायमूर्ति उमेश चंद माहेश्वरी, प्रेमचंद मन्नालाल गोयल के सानिध्य में संपन्न हुई. भागवत कथा स्थल पर साध्वी कृष्णानंद जी के आगमन पर अग्रवाल महिला मंडल एवं माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा पुष्पवर्षा कर पारंपरिक स्वागत किया गया तथा मंच से आरती की गई.

# रेडीमेड कपड़ा व्यापारियों से ठगी : दो आरोपी मुंबई से धराए

- एक आरोपी पहले से ही गिरफ्त में
- इंदौर क्राईम ब्रांच की कार्रवाई

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** कपड़ा कारोबारियों से करोड़ों का उधार माल उठाकर गायब होने वाले दो और आरोपियों को इंदौर क्राईम ब्रांच ने मुंबई जाकर गिरफ्तार कर लिया है. दोनों आरोपी मुंबई में छिपे हुए थे. आरोपियों पर राज्य के बाहर की फर्मों के नाम पर ऑर्डर दिलाने और भरोसे का जाल बिछाकर शहर के व्यापारियों से डेढ़ करोड़ से अधिक का माल हड़पने का आरोप है.

एडीसीपी क्राईम राजेश दंडोतिया ने बताया कि कपड़ा व्यापारियों से हो रही धोखाधड़ी की वारदातों पर तुरंत और सख्त कार्रवाई के निर्देश पुलिस आयुक्त द्वारा जारी किए हैं. जिसके तहत क्राईम ब्रांच पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए मुंबई में रहने वाले तारिक खान और पंकज अग्रवाल के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है. इस मामले में एक आरोपी किरीट जडेजा को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है. आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से ठगी की वारदात को दिया अंजाम- पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपियों ने पहले से योजना बनाकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया. आरोपियों ने बाहरी फर्मों वीआर ट्रेडिंग, राशि कलेक्शन, ओवरसीज लिमिटेड, फेब्रिक वर्ल्ड, खुशबू एंटरप्राइजेज, जुबिया टेक्सटाइल और अन्य के जरिए माल उठाया, लेकिन न तो भुगतान व्यापारियों तक पहुंचा और न ही माल वापस लौटा. कुछ मामलों में आरोपियों ने सुरक्षा के तौर पर चेक भी दिए, जो बाउंस हो गए. दोनों आरोपी लंबे समय से मुंबई में छिपकर फरारी काट रहे थे. इससे पहले इस प्रकरण में किरीट जडेजा नाम का आरोपी भी मुंबई से गिरफ्तार हो चुका है. पुलिस का कहना है कि तारिक और पंकज से पूछताछ जारी है, जिससे अन्य सहयोगियों के नाम सामने आने की उम्मीद है.





### 1.69 करोड़ से अधिक की ठगी कर गायब हो गए थे आरोपी

आवेदक मुकेश की शिकायत पर जांच शुरू की गई थी. आरोप है कि तारिक खान और पंकज अग्रवाल ने जुलाई-अगस्त 2024 से मार्च 2025 तक इंदौर के रेडीमेड व्यापारियों से विश्वसनीय ब्रोकर बनकर संपर्क किया. दोनों ने गुजरात, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों की फर्मों के नाम पर बड़े ऑर्डर दिलाने और 30 से 45 दिनों में भुगतान कराने का भरोसा दिलाया था. इस झांसे में आकर शहर के गुड बॉय, दीप दर्शन ट्रेडर्स, अद्विक क्रिएशन, बालाजी अपैरल्स, नाइस मेन गारमेंट्स, रितिक फैशन, वंदना क्रिएशन, स्टार बाय सहित कई रेडीमेड व्यापारियों ने लगभग 1 करोड़ 69 लाख 96 हजार 876 रुपए का माल बाहरी फर्मों को भेजा.

## इंदौर हाईकोर्ट बार के चुनाव 28 जनवरी को

**इंदौर.** इंदौर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव 28 जनवरी 2025 को होंगे. कार्यकारिणी की बैठक में यह तारीख तय की गई और निर्वाचन प्रक्रिया की जिम्मेदारी वरिष्ठ अधिवक्ताओं को सौंपी गई. बार अध्यक्ष रितेश इनानी ने बताया कि आगामी चुनाव के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज द्विवेदी को मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है. इनके साथ अधिवक्ता अभय सारस्वत और निषिथ बिशर्ड सहायक चुनाव अधिकारी की जिम्मेदारी संभालेंगे. बैठक में चुनाव की रूपरेखा, नामांकन प्रक्रिया और मतगणना को लेकर तैयारियों पर चर्चा की गई. एसोसिएशन अब चुनाव कार्यक्रम की औपचारिक घोषणा और अधिवक्ता मतदाताओं की सूची तैयार करने की प्रक्रिया शुरू करेगा.

## गुगल में ऑनलाइन जॉब दिलाने के नाम पर छात्रा से 1.13 लाख की ठगी

- एरोड्रम पुलिस ने अज्ञात महिला पर केस दर्ज कर शुरू की जांच

**नवभारत न्यूज**

**इंदौर. गूगल पर ऑनलाइन ऑडिटर के पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर कंपनी का अधिकारी बताकर वॉट्सऐप व टेलीग्राम के जरिए छात्रा से रकम ऐंठी गई. पीड़ित छात्रा की रिपोर्ट पर एरोड्रम पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है.**

ऑनलाइन जॉब सर्च करने वाली एक छात्रा के साथ जालसाजी करते हुए 1 लाख 13 हजार रुपए हड़पे जाने का मामला सामने आया है. एरोड्रम थाना पुलिस के अनुसार शुभम नगर निवासी छात्रा शिक्षा ने शिकायत में बताया कि पिछले माह उसके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से वॉट्सऐप मैसेज आया. मैसेज भेजने वाली महिला ने खुद को एफैल इंडिया लिमिटेड कंपनी की मैनेजिंग डायरेक्टर दिव्या मेहता बताया और कहा कि गूगल पर ऑनलाइन ऑडिटर्स की भर्ती चल रही है, जिसमें रोजाना 3 से 5 हजार रुपए की कमाई हो सकती है.

### होटल लिंक भेजकर ऑनलाइन रेटिंग करने को कहा

छात्रा ने रुचि दिखाई तो आरोपी ने एक होटल लिंक भेजते हुए उसकी ऑनलाइन रेटिंग करने को कहा और बदले में करीब 150 रुपए आने का भरोसा दिलाया. रेटिंग पूरी करते ही छात्रा को मैसेज मिला कि उसका काम पसंद आया है और उसे कंपनी में चयनित कर लिया है. इसके बाद उसकी उम्र और शैक्षणिक योग्यता पूछकर टेलीग्राम ऐप पर एक ग्रुप जॉइन करवाया. यहां 500 रुपए ऑनलाइन फॉर्म फीस के नाम पर जमा कराए गए और रेटिंग वाले कई टास्क दिए जाते रहे. आरोपी ने हर बार भुगतान रुकने का बहाना बनाकर अलग-अलग शुल्क जमा कराने को कहा.

**साइबर सेल की मदद से की जा रही जांच**-शिकायत पर एरोड्रम पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. पुलिस उन बैंक खातों की जानकारी खंगाल रही है, जिनमें रकम भेजी गई थी. पुलिस साइबर सेल की मदद से आरोपियों की लोकेशन ट्रेस करने की कोशिश कर रही है. डीसीपी कृष्णालाल चंदानी का कहना है कि तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

### 10 दिन तक निवेश करवाकर की ठगी

छात्रा 10 दिनों में किश्तों में 1 लाख 13 हजार रुपए ट्रांसफर कर चुकी थी. बाद में जब खाते में कोई रकम नहीं आई तो उसने महिला को कॉल किया, लेकिन नंबर बंद मिला और भुगतान से जुड़ी चैट का जवाब भी आना बंद हो गया. इसी दौरान उसे टेलीग्राम ग्रुप से भी हटा दिया. शक होने पर परिजनों से चर्चा की गई तो साइबर ठगी का पता चला.

## शहर में पांच अलग-अलग स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर के राऊ, एरोड्रम, खजराना, तुकोगंज और हीरानगर थाना क्षेत्रों में पांच मोटरसाइकिलें चोरी होने के मामले सामने आए हैं. पिछले 24 घंटे में हुई इन वारदातों के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है.

पुलिस के अनुसार, राऊ थाना क्षेत्र में ओम साईनाथ कॉलोनी केट रोड निवासी रमेश डुडवे की टीवीएस अपाचे बाइक नम्बर एमपी 09 क्यूयू 3312 उनके घर के बाहर से चोरी हो गई. राऊ पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. वहीं एरोड्रम थाना क्षेत्र में परसराम मार्ग, गांधी नगर निवासी धर्मेन्द्र राठौर की टीव्हीएस जुपिटर नम्बर एमपी 09 जेडएस 9953 किसी ने चोरी कर ली. यह घटना बीती रात बीजासन क्षेत्र स्थित गुरू टेकचंद धर्मशाला के सामने हुई थी. जबकि खजराना पुलिस ने स्टार चौराहा स्कीम नंबर 134 क्षेत्र में एक साथ दो बाइक चोरी होने पर केस दर्ज किया है. यहां अज्ञात बदमाश रॉयल एनफील्ड बुलेट नम्बर सीजी 04 पीएफ 6846 और हीरो एचएफ डीलक्स नम्बर एमपी 09 वीआर 2331 लेकर फरार हो गए.

सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जांच में जुटी पुलिस-इसी तरह तुकोगंज इलाके में होटल शुफा इंटरनेशनल के सामने से मोहम्मद फराज की होंडा एसपी 125 बाइक नम्बर एमपी 09 एजेड 9732 चोरी हो गई. वहीं हीरानगर थाना क्षेत्र में बजरंग नगर मजदूर चौक निवासी दिनेश चोपड़कर की हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल नम्बर एमपी 09 एएस 0376 घर के सामने से चोरी हुई.

**समस्या** ▶ प्रशासन को खासकर बाजार क्षेत्रों में इस समस्या के समाधान के लिए कदम उठाने चाहिए

# बढ़ती वाहन संख्या से शहर में पार्किंग समस्या बनी मुख्य मुद्दा



**इंदौर.** शहर में पार्किंग की समस्या लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा है. शहर में वाहनों की बढ़ती संख्या के साथ, अपर्याप्त पार्किंग सुविधाएं चालानी कार्रवाई का कारण बन रही हैं. प्रशासन को इस समस्या के समाधान के लिए कदम उठाने चाहिए. शहर के खासकर व्यस्त बाजारों में नई पार्किंग सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करना आवश्यक है. यह मल्टी-लेवल पार्किंग, भूमिगत पार्किंग, या मौजूदा खाली जगहों को पार्किंग स्थल में बदलकर किया जा सकता है.

शहर में लगातार बढ़ते वाहनों और अव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था के कारण शहर की यातायात स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है. प्रमुख सडक़ों, बाजारों और चौराहों पर सडक़ किनारे खड़े वाहन आम बात हो गई है, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बन रही है. शहर में दोपहिया और चार पहिया वाहनों की संख्या बढऩे के साथ-साथ सुव्यवस्थित पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई है. बाजार क्षेत्रों में खरीदारी करने आने वाले लोगों को वाहन खड़ा करने की जगह नहीं मिलती, मजबूरी में वाहन सडक़ पर खड़े करने पड़ते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है. इस अव्यवस्था का असर स्कूली बच्चों, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और कार्यालय आने-जाने वाले कर्मचारियों पर भी पड़ रहा है. कई इलाकों में कुछ ही किलोमीटर का सफर तय करने में लोगों को लंबा समय लग रहा है, जिससे आमजन परेशान हैं.

### यह बोले नागरिक...



शहर में सडक़ें चौड़ी करने के लिए सैकड़ों भवन तोड़े जा रहे हैं, लेकिन पार्किंग को लेकर आज भी यातायात विभाग और प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है. परिणामस्वरूप सडक़ों पर पार्किंग आम बात है, जिसका प्रमुख उदाहरण खजूरी बाजार है. **- अमित खन्ना**



प्रशासन को मल्टी लेवल पार्किंग, नो-पार्किंग जोन पर सख्ती बरतते हुए अवैध पार्किंग पर जुर्माना और ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार जैसे ठोस कदम उठाने चाहिए. निजी खाली स्थानों पर आम लोगों के लिए पार्किंग बनवाना चाहिए. **- आशीष पवार**



सड़कें चौड़ी होने के बावजूद आज चार पहिया वाहन तो शहर में ले जाना नामुमकिन सा हो चुका है. विस्फोटक स्थिति देखते हुए यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है. **- रईस खान**